# रेरा को सहयोग करें सभी विभाग : मुख्य सचिव

पटना| मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने संबंधित विभागों को भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) को सहयोग करने का निर्देश दिया है। उन्होंने नगर आवास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि वे नगर निगम का एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) 15 दिनों के अंदर रेरा को उपलब्ध कराएं, ताकि निगम द्वारा पारित नक्शों की अद्यतन जानकारी रेरा को आसानी से उपलब्ध हो सके और प्रोजेक्ट्स के निबंधन में कम समय लगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अपार्टमेंट ओनरशिप अधिनियम से संबंधित नियमावली तीन माह के अंदर अधिसूचित हो ताकि जो अपार्टमेंट में रहने वालों के अधिकारों की रक्षा हो सके। वे रेरा द्वारा आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मौके पर रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी, जेल आईजी प्रणव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।